बरेली, गुरुवार
30 अक्टूबर, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

दैनिक जागरण

PAGE NO : I MIDDLE

# विद्यार्थियों को बताया गया साइबर सुरक्षा का महत्व

बरेली: एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग, टेक्नोलाजी एंड रिसर्च में ट्रेनिंग डेवलपमेंट और प्लेसमेंट विभाग की ओर से विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसका विषय 'ब्रेकिंग इनटू साइबर सिक्योरिटी: स्किल्स, सर्टिफिकेशन एंड करिअर रोडमैप' रहा। विशेषज्ञ मिडल ईस्ट एट डीएनवी साइबर के हेड आफ एडवाइजरी चरित मिश्रा (2012 बैच के पुराछात्र) ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के महत्व, डाटा प्रोटेक्शन, आनलाइन फ्राड से बचाव, एथिकल हैकिंग के नवीनतम पहलुओं के बारे में बताया। कहा, आज के डिजिटल युग में साइबर सिक्योरिटी न केवल आइटी क्षेत्र के लिए, बल्कि हर प्रोफेशनल के लिए आवश्यक कौशल बन चुकी है। शुभारंभ प्राचार्य डा. प्रभाकर गुप्ता, डीन डा. शैलेश सक्सेना ने अतिथि का स्वागत करके किया। प्लेसमेंट निदेशक डा. अनुज कुमार ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान शाइस्ता कमर, रिया मेरी, राहुल सक्सेना आदि मौजूद रहे।